@shahjahanpurpol

प्रेस नोटः- सराहनीय कार्य 03.09.2024

थाना तिलहर पुलिस के होमगार्ड संतसरन द्वारा गुम हुए पर्स व पर्स में मिले 5,000 व ए0टी0एम आदि को उसके स्वामी को ढूँढकर अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए किया वापस

आज दिनांक 03.09.2024 को कस्बा तिलहर में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड 1915 संतसरन को डाक्टर आलोक की दुकान के पास एक गुम हुआ पर्स मिला जिसमें कुछ जरुरी कागजात, दो ए0टी0एम0 व 5,000 रुपये थे। होमगार्ड 1915 संतसरन ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए उक्त पर्स तथा पर्स में मौजूद कागजात, दो ए0टी0एम0 व 5,000 रुपये को थाने लाकर सूचित किया तथा उसी समय गुम हुए पर्स का स्वामी मो0 नौशाद पुत्र मो0 इरशाद नि0मो0 बहदुल्लागंज कस्बा व थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर भी थाने पर उपस्थित आया। जिसने बताया कि उक्त पर्स मेरा है मैं इसी पर्स की सूचना देने थाने पर आया था। होमगार्ड 1915 संतसरन द्वारा पर्स स्वामी की सत्यता की जाँच करने के पश्चात उक्त पर्स तथा पर्स में मौजूद कागजात, दो ए0टी0एम0 व 5,000 रुपये कोर को उसके स्वामी के सुपुर्द किया गया। जिसके फलस्वरुप पर्स स्वामी द्वारा होमगार्ड 1915 संतसरन की ईमानदारी की प्रंशसा करते हुए आभार प्रकट किया गया।

उल्लेखनीय है कि मो0 नौशाद पुत्र मो0 इरशाद नि0मो0 बहदुल्लागंज कस्बा व थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर का कस्बा तिलहर बाजार में किसी आवश्यक कार्य से जाते समय उसका पर्स जिसमें कुछ जरुरी कागजात, दो ए0टी0एम0 व 5,000 रुपये रखे थे कही गुम हो गया था। जो तिलहर पुलिस के होमगार्ड 1915 संतसरन को ड्यूटी के दौरान मिला जिसे होमगार्ड 1915 संतसरन द्वारा पर्स स्वामी मो0 नौशाद उपरोक्त को वापस किया।